रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 | REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 459] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 19, 2004/आश्विन 27, 1926
No. 459] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 19, 2004/ASVINA 27, 1926

P-O - 450
Kin - 30
Deptt - 200
CPB - 220

## वित्त मंत्रालय

### (राजस्व विभाग)

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर, 2004

**सा.का.नि. 683(अ).**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वित्त मंत्रालय, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क विभाग में आशुलिपिक श्रेणी—1 (समूह "ख") पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क विभाग में आशुलिपिक श्रेणी-I (समूह "ख") भर्ती नियम, 2004 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **विशेष उपबंध.**—जब तक कि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा अन्यथा विहित न किया हो इस निमित्त, प्रत्येक आयुक्तालय का अपना पृथक काडर होगा।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अन्य अर्हताएं आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं।

5. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन अथवा अचयन पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| आशुलिपिक श्रेणी-1 | 244* (2004) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ख" अराजपत्रित, अनुसचिवीय | 5500-175-9000 रु. | चयन |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय असैनिक सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | दो वर्ष |

| **भर्ती की पद्धति :** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा |
|---|---|
| 11 | 12 |
| प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा। | **प्रोन्नति :** 5000-150-8000 रुपए वेतनमान वाले ऐसे आशुलिपिक श्रेणी-II जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो ।<br><br>**टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।<br><br>**प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी :—**<br>(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में 5000-150-8000 रुपये या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर उस श्रेणी में नियुक्ति के पश्चात् तीन वर्ष नियमित सेवा की है; और<br>(ख) आशुलिपिक (अंग्रेजी या हिन्दी) में सौ शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं।<br><br>**टिप्पण :** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br><br>प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| 13 | 14 |
| **समूह "ख" विभागीय प्रोन्नति समिति :—**<br>1. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क का आयुक्त — अध्यक्ष<br>2. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क के दो अपर या संयुक्त आयुक्त — सदस्य<br>3. आयकर का एक सहायक या उप आयुक्त — सदस्य | इन नियमों का संशोधन/शिथिल करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

[फा. सं. ए-12018/8/2003-एडी-III (बी)]

एस. के. ठाकुर, अवर सचिव

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Revenue)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 15th October, 2004

**G.S.R. 683(E).**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Stenographer Grade-I (Group B) in the Central Excise and Customs Department in the Ministry of Finance namely :—

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Central Excise and Customs Department Stenographer Grade–I (Group B) Recruitment Rules, 2004.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of posts, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

**3. Special provision.**—(i) Each Commissionerate shall have its own separate cadre, unless other wise prescribed by the Central Board of Excise and Customs in this behalf.

**4. Method of recruitment, age limit, other qualification, etc.**—The method of recruitment to the said post, age limit, qualification and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

**5. Disqualifications.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such persons and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**6. Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of the rules with respect to any class or category of persons.

**7. Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limits, and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Scale of pay | Whether selection or non-selection post | Age limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Stenographer Grade-I | 244* (2004) * Subject to variation dependent on workload. | General Central Service Group 'B' Non-Gazetted, Ministerial | Rs. 5500-175-9000 | Selection | Not applicable |

| Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | Two years |

| **Method of recruitment :** Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of posts to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grade from which promotion or deputation or absorption to be made |
|---|---|
| 11 | 12 |
| By promotion failing which by deputation. | **Promotion :** Stenographer Grade-II in the pay scale of Rs. 5000-150-8000 with three years regular service in the grade.<br><br>**NOTE :** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years whichever is less and have successfully completed their period of probation for promotion to the next higher grade along with their juniors wo have already completed their qualifying or eligibility service.<br><br>**Deputation** :<br><br>Officers under the Central Government :<br><br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department; or<br><br>(ii) with three years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the pay scale of Rs. 5000–150–8000 or equivalent in the parent cadre or Department; and<br><br>(b) possessing a speed of 100 words per minute in Stenography (English or Hindi).<br><br>The Departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion will not be eligible for consideration for appointment on deputation.<br><br>Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. |

| 11 | 12 |
|---|---|
| | (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization or department of the Central Government shall ordinarily not to exceeding three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall not be exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications). |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| 13 | 14 |
| **Group 'B' Departmental Promotion Committee :**<br>1. Commissioner of Central Excise/Customs — Chairman<br>2. Two Additional or Joint Commissioner of Central Excise/Customs — Members<br>3. One Assistant or Deputy Commissioner of Income Tax — Members | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary for amendment/ relaxation of any provision of these rules. |

[F. No. A-12018/8/2003-Ad.-III (B)]

S. K. THAKUR, Under Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.